

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

दिल टूटना अपराध नहीं: शादी के वादे से मुकरने पर हर मामला दुष्कर्म नहीं



बेंगलुरु। दुष्कर्म के एक मामले की सुनवाई के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि कानून दिल टूटने को अपराध नहीं मानता। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि दो वयस्क अपनी मर्जी से लंबे समय तक रिश्ते में रहते हैं और आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं, तो बाद में शादी से इनकार कर देना अपने आप दुष्कर्म नहीं बन जाता। कोर्ट के अनुसार ऐसा होना नैतिक रूप से गलत या दुखद हो सकता है, लेकिन इसे आपराधिक अपराध नहीं कहा जा सकता। यह टिप्पणी जस्टिस एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने एक महिला की शिकायत पर सुनवाई के दौरान की। महिला ने एक पुरुष पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। दोनों की मुलाकात आयरलैंड में हुई थी और करीब दो साल तक वे रिश्ते में रहे। इस दौरान दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे। महिला पहले से शादीशुदा थी और उसका सात साल का एक बच्चा भी है। आरोप था कि भारत लौटने के बाद आरोपी ने महिला से संपर्क बंद कर दिया और शादी से इनकार कर दिया, जिसके बाद महिला ने भारत में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि दोनों वयस्क थे और संबंध आपसी सहमति से बने थे। शिकायत में जबरदस्ती या हिंसा का कोई आरोप नहीं था। इसी आधार पर कोर्ट ने कहा कि अगर बाद में व्यक्ति शादी से मुकर जाए तो इसे केवल इस आधार पर बलात्कार नहीं माना जा सकता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि शादी का वादा तभी आपराधिक माना जाएगा, जब शुरुआत से ही आरोपी का शादी करने का इरादा न हो और वह सिर्फ धोखा देकर शारीरिक संबंध बनाना चाहता हो। हाईकोर्ट ने कहा कि रिश्तों के टूटने को आपराधिक कानून का हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। इस मामले में शुरुआत से धोखे का कोई ठोस सबूत नहीं मिला, इसलिए अदालत ने शिकायत पर आगे की कार्रवाई रद्द कर दी।

तमिलनाडु को 5650 करोड़ की सौगात, तिरुचिरापल्ली में मोदी की रैली



चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 5,650 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद शाम करीब 6:30 बजे वह एनडीए की रैली को संबोधित करेंगे, जिसमें एआईएडीएमके, पीएमके, एएमएमके और टीएमसी समेत सहयोगी दलों के नेता शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान बीपीसीएल के सिटी गैस वितरण नेटवर्क का शिलान्यास करेंगे, जिससे नीलगिरी और इरोड जिलों में लाखों घरों को पीएनजी कनेक्शन और सीएनजी स्टेशन की सुविधा मिलेगी। साथ ही चेन्नई के मणाली स्थित आईओसीएल ल्यूब प्लांट का उद्घाटन भी करेंगे।

इसके अलावा मोदी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 370 किमी लंबी 89 ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन करेंगे और एनएच-81 पर ग्रीनफील्ड बाईपास का शिलान्यास करेंगे। साथ ही दो अमृत भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे तमिलनाडु की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

पीएम बनते ही तारिक रहमान का बड़ा फैसला, बांग्लादेश सेना में फेरबदल



ढाका। बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सेना के शीर्ष स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सेना मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लेफ्टिनेंट जनरल एम. मैनूर रहमान को नया सीजीएस नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले सेना प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान (एआरटीडीओसी) के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। वहीं हाल ही में पदोन्नत लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को नया प्रधान स्टाफ अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को सेना की खुफिया एजेंसी डीजीएफआई का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। मौजूदा समय में वह सेना मुख्यालय में कार्यरत हैं और मेजर जनरल के पद पर पदोन्नति के बाद यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

वहीं भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हाफिजुर रहमान को स्वदेश बुलाकर मेजर जनरल के पद के साथ एक पैदल सेना डिवीजन के जीओसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने हाल ही में हुए आम चुनाव में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया था, जिसके बाद 17 फरवरी को तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही यह फेरबदल नई सरकार की रणनीतिक और प्रशासनिक प्राथमिकताओं का संकेत माना जा रहा है। माना जा रहा है कि सेना और खुफिया तंत्र में किए गए ये बदलाव देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नई सरकार की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से किए गए हैं।

जल जीवन मिशन

2.0 को केंद्र सरकार की मंजूरी: हर घर नल जल योजना 2028 तक बढ़ी; कुल बजट बढ़कर हुआ 8.69 लाख करोड़



केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। अब इसे जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में लागू किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। सरकार ने इस मिशन का कुल बजट बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से भी बड़ी वित्तीय सहायता दी जाएगी, ताकि गांवों में जल आपूर्ति की व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत जल आपूर्ति की निगरानी को बेहतर बनाने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा योजना को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायतों और स्थानीय जल समितियों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को नियमित रूप से साफ और सुरक्षित पेयजल मिल सके।

Navy: परीक्षण में

खरा उतरा एडीसी-150, अब समुद्र के बीच मिनटों में पहुंचेगी मदद



डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर ADC-150 का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण गोवा तट के पास पी-8आई टोही विमान से अलग-अलग परिस्थितियों में किया गया। ADC-150 की क्षमता 150 किलोग्राम तक सामान ले जाने की है। इसकी मदद से समुद्र में दूर तैनात युद्धपोतों तक दवाइयां, उपकरण और अन्य जरूरी सामग्री तेजी से पहुंचाई जा सकेगी। यह प्रणाली समुद्र तट से 2000 किलोमीटर से अधिक दूरी पर मौजूद जहाजों तक भी आपातकालीन सहायता पहुंचाने में सक्षम है। इससे नौसेना के संचालन और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को काफी मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस तकनीक को डीआरडीओ की कई प्रयोगशालाओं ने मिलकर विकसित किया है और जल्द ही इसे नौसेना की सेवा में शामिल किए जाने की संभावना है।

Aaj Ka Rashifal 11 March:

इन चार राशि वालों को मिल सकता है भाग्य का साथ और पद-प्रतिष्ठा की होगी प्राप्ति

11 March Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 11 मार्च 2026 का राशिफल।आज बुधवार 11 मार्च को चंद्रमा वृश्चिक राशि में संचरण करेंगे। इस दिन कई राशि वालों को अचानक धन प्राप्ति के योग होंगे जिससे आय में वृद्धि होगी और बैंक बैलेंस में इजाफा देखने को मिलेगा। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।



मेष

आज का दिन आपके लिए थोड़ा उलझनों भरा रह सकता है। किसी काम को लेकर आपके मन में संशय या असमंजस बना रह सकता है, इसलिए यदि किसी निर्णय को लेकर मन पूरी तरह तैयार न हो तो जल्दबाज़ी में कदम उठाने से बचें। आपका मनमौजी स्वभाव भी कभी-कभी आपको परेशानी में डाल सकता है, इसलिए आज थोड़ा संयम रखना बेहतर रहेगा। यदि धन के कारण आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना बन रही है। खास बात यह है कि आज आप जिस काम को पूरे मन से करेंगे, उसमें सफलता मिलने की अच्छी संभावना है। हालांकि बीच-बीच में आपका मन भटक सकता है, इसलिए खुद को लक्ष्य पर केंद्रित रखने की कोशिश करें।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए हल्का-फुल्का और आनंदमय रहने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा और यदि घर में किसी बात को लेकर समस्याएं चल रही थीं, तो मिल-बैठकर उनका समाधान भी निकल सकता है। आप अपने किसी करीबी साथी या सहयोगी के साथ भविष्य की नई योजनाओं पर चर्चा कर सकते हैं। हालांकि किसी भी प्रकार की पार्टनरशिप करने से पहले अच्छी तरह सोच-समझ लेना जरूरी होगा। जो लोग अभी तक सिंगल हैं, उनकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना बन रही है। वहीं जो लोग लंबे समय से रोजगार को लेकर परेशान चल रहे थे, उन्हें आज कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

मिथुन

आज आपको वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि किसी अचानक खराबी के कारण आपका अतिरिक्त खर्च बढ़ सकता है। दिन के दौरान आप परिवार या दोस्तों के साथ कहीं घूमने या पिकनिक पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है, क्योंकि उन्हें किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। आज आपका मन अपनी पसंद की चीज़ें खरीदने में लगेगा और शौक-मौज पर खर्च भी थोड़ा बढ़ सकता है। हालांकि आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा, क्योंकि छोटी-सी बात पर क्रोध करना आपके रिश्तों में दूरी ला सकता है।

कर्क

आज आपके और आपके पिताजी के बीच किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है, खासकर यदि बात व्यवसाय या कामकाज से जुड़ी हो। वे आपको कुछ सलाह दे सकते हैं, जिसे समझदारी से सुनना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आप अपने घर में कोई नया काम शुरू करने की योजना भी बना सकते हैं और इसके लिए लोन या आर्थिक सहायता लेने का विचार भी कर सकते हैं। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही बिल्कुल न करें, क्योंकि छोटी-सी समस्या भी आगे चलकर परेशानी बन सकती है। साथ ही अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी बातें किसी बाहरी व्यक्ति से साझा करने से बचें।

सिंह

आज का दिन आपके लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल होने का संकेत दे रहा है। पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होकर आपको मानसिक शांति मिलेगी। हालांकि परिवार के किसी सदस्य की कोई बात आपको थोड़ी बुरी लग सकती है, इसलिए भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। व्यापार में आ रही कुछ समस्याओं को लेकर आप थोड़ा चिंतित रह सकते हैं, लेकिन बिना सोचे-समझे कोई कदम उठाने से बचें। अच्छी बात यह है कि आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। उन्हें किसी नई जगह सीखने या काम करने का अवसर मिल सकता है, जिससे उनका अनुभव बढ़ेगा। आज आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सीख लेकर आगे बढ़ने की जरूरत होगी। जीवनसाथी को करियर में कोई अच्छा लाभ मिल सकता है, जिससे घर का माहौल भी खुशहाल रहेगा। यदि आप निवेश करने की सोच रहे हैं, तो समझदारी से किया गया निवेश भविष्य में आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकता है। हालांकि भाई-बहनों के साथ किसी बात को लेकर हल्का विवाद भी हो सकता है, इसलिए धैर्य से काम लेना बेहतर रहेगा।

तुला

आज का दिन आपके लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। आप कहीं बाहर जाने या छोटी यात्रा की योजना भी बना सकते हैं। जो लोग विदेश से जुड़े व्यापार में हैं, उन्हें कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। आज आपको अपने कार्यों को योजना बनाकर करने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि आपने किसी काम को दूसरों के भरोसे छोड़ दिया, तो वह अधूरा रह सकता है। साथ ही अपने खान-पान पर भी ध्यान दें, क्योंकि लापरवाही से स्वास्थ्य से जुड़ी कोई परेशानी हो सकती है।

वृश्चिक

आज का दिन सामान्य रूप से ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेते समय आपको अपनी बुद्धि और समझदारी का पूरा उपयोग करना होगा। रचनात्मक और नए विचारों वाले कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। दिनभर की भागदौड़ के कारण आपको थकान महसूस हो सकती है। संतान आपकी इच्छा के विपरीत कोई कदम उठा सकती है, जिससे थोड़ी नाराज़गी भी हो सकती है, इसलिए धैर्य से स्थिति संभालें। यदि कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना बन रही है।

धनु

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपके खिलाफ षड्यंत्र भी रच सकते हैं, इसलिए आज आपको पूरी सतर्कता के साथ काम करना चाहिए। अनजान लोगों पर जल्दी भरोसा करने से बचें और हर बात को ध्यान से सुनें-समझें। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से थोड़ी निराशाजनक खबर भी मिल सकती है। हालांकि घर में आप किसी पूजा-पाठ या धार्मिक आयोजन की योजना बना सकते हैं, जिससे वातावरण सकारात्मक रहेगा।

मकर

आज का दिन आपको मेहनत और लगन से काम करने की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है, जो आपके चेहरे पर मुस्कान ला देगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम से बॉस को प्रभावित करेंगे और संभव है कि वे भविष्य में आपके प्रमोशन के बारे में भी विचार करें। आज आप किसी नए वाहन की खरीदारी करने का मन बना सकते हैं। यदि परिवार के किसी सदस्य की तबीयत कुछ समय से खराब चल रही है, तो उसमें लापरवाही बिल्कुल न करें और समय पर ध्यान दें।

कुंभ

आज आपको अपने बढ़ते हुए खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। आपका मन खर्च करने में खुला रह सकता है, जिससे बजट बिगड़ने की संभावना है। जो लोग नया घर या मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं, उन्हें अपनी आय और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही फैसला लेना चाहिए। परिवार से जुड़े मामलों को आप आपसी बातचीत से सुलझाने की कोशिश करें। यदि मन में कोई चिंता है, तो आप अपने पिताजी से सलाह ले सकते हैं। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे अच्छी तरह निभाने की कोशिश करेगी।

मीन

आज का दिन आपको हर निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह देता है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचें, क्योंकि इससे गलती होने की संभावना बढ़ सकती है। आपको अपनी बात बहुत सोच-समझकर बोलनी होगी, क्योंकि आपकी कोई बात बॉस को बुरी लग सकती है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और आप उन्हें कहीं घूमने या पिकनिक पर ले जाने की योजना बना सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को आज मनचाहा लाभ मिलने की संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही यात्रा या घूमने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए उपयोगी साबित होगी।

UP: मार्च में पहली बार दिसंबर-जनवरी जैसी धुंध,

तेजी से बढ़ते तापमान के बीच बदलाव; पर्यावरण विशेषज्ञ भी हैरान



पहली बार मार्च में कोहरा देखा गया। दिसंबर और जनवरी जैसी धुंध रही। मौसम विभाग ने इसे क्लाइमेट इमरजेंसी बताया। जलवायु परिवर्तन के संकेत हैं। यह अभूतपूर्व बदलाव पर्यावरण विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय बना है। कानपुर मंडल समेत यूपी के कई जिलों में मंगलवार की सुबह कोहरे की घनी चादर छाई रही।पहली बार मार्च में घना कोहरा पड़ा है, इसने पर्यावरण विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। मौसम विभाग ने इस अभूतपूर्व घटना को जलवायु आपातकाल (क्लाइमेट इमरजेंसी) नाम देते हुए जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत दिया है। उनका कहना है कि यदि तापमान में इसी तरह का अनिश्चित बदलाव जारी रहा, तो बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि और अब बेमौसम कोहरा प्रभाव डालेगा। मंगलवार की सुबह वह नजारा दिखा जो आमतौर पर दिसंबर या जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में दिखता है। मार्च के महीने में पहली बार सफेद धुंध छा गई, जिसने दृश्यता (विजिबिलिटी) को महज 25 मीटर तक समेट दिया। इत्तनगरी ही नहीं कानपुर मंडल के सभी जिलों समेत बुंदेलखंड के कई इलाकों में सुबह 11 बजे तक कोहरे की सफेद चादर छाई रही और एक्सप्रेसवे व हाईवे पर वाहन रेंगते नजर आए। जलाशयों या नदियों के किनारे तो दृश्यता शून्य रही। इस अनोखी घटना को ग्लोबल वार्मिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि यह कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं बल्कि जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) का एक गंभीर और स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि इस बार फरवरी के अंत से ही तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी गई। एक मार्च से तापमान हर दिन औसतन 2 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा था। इस अत्यधिक गर्मी के कारण पृथ्वी की ऊपरी सतह बहुत गर्म हो गई थी।

UP: दरिंदगी के बाद इस शख्स ने की थी

दिव्यांग मां और बेटे की हत्या, फाड़ दिए थे सारे कपड़े; डबल मर्डर की कहानी



लखनऊ में दिव्यांग मां और बेटे की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याकांड में पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। पड़ोसी ने दरिंदगी के बाद महिला की हत्या की थी, साथ ही विरोध करने पर उसके बेटे को भी मार डाला। लखनऊ के मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव में सोमवार शाम दिव्यांग मां-बेटे की हत्या पड़ोसी ने की थी। इससे पहले उसने महिला से दुष्कर्म भी किया था। आरोपी का कुछ दिन पहले उससे विवाद हुआ था। इसके बाद से वह रंजिश मान रहा था। वारदात के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो हत्यारा भागते हुए नजर आया। उसके कपड़े भी गीले थे। एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय के मुताबिक कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला कसकर हत्या की बात सामने आई है। उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि भी हुई है। डॉक्टरों ने विसरा और महिला के कपड़े सुरक्षित रखे हैं।महिला के दिव्यांग बेटे की मौत गला दबाने और पानी में डुबोने से होने की पुष्टि हुई है। ऐसा लग रहा है कि हत्यारे ने युवक का गला दबाने के बाद उसे पानी भरे टब में डुबो दिया था। इसी दौरान हत्यारे के कपड़े भी गीले हो गए थे।महिला सोमवार शाम 6:58 बजे तक अपनी दुकान पर थी। सात बजकर दो मिनट पर वह घर से निकली। किराने की दुकान से सामान लेने के बाद मोमोज व दूध खरीदा। शाम 7:25 बजे महिला घर वापस जाते दिखी।हत्यारा 7:31 बजे महिला के घर की ओर जाते कैमरे में देखा गया है। महिला के घर के तीन ओर कैमरे लगे हैं, जिससे पुलिस को मदद मिली है। इंस्पेक्टर ने महिला के रिश्तेदारों के बयान दर्ज किए हैं।छानबीन में सामने आया कि महिला बहनोई से फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान हत्यारा दरवाजे पर धक्का मारते हुए दाखिल हो गया। उसने महिला से बदसलूकी शुरू कर दी। मां की चीख सुनकर दृष्टिबाधित बेटा हत्यारे से भिड़ गया। उसने खूब संघर्ष किया, पर सफल नहीं हो सका। इसके बाद हत्यारे ने उसका गला दबाकर पानी भरे टब में धकेल दिया।मामले में महिला की बहन ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर कराई है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति ने कुछ दिन पहले उनकी बहन से अभद्रता की थी।

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

पर्दे पर लौटेगी उदय शेट्टी और मजनू भाई की जोड़ी



उदय और मजनू यानी नाना पाटेकर और अनिल कपूर की जोड़ी फिर से नजर आ सकती है। फ्रेंचाइजी के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने ये कंफर्म किया है कि 'वेलकम 4' बन रही है। उन्होंने बताया कि अगले अध्याय पर काम शुरू हो चुका है और स्क्रिप्ट फिलहाल अंतिम चरण में है।ई-टाइम्स के साथ बातचीत में फिरोज नाडियाडवाला ने बताया कि चौथी फिल्म अपने पहले की फिल्मों से कहीं अधिकभव्य होगी। दर्शक 'वेलकम टू द जंगल' का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस बीच मेकर्स ने 'वेलकम 4' को लेकर बड़ी जानकारी दे दी है। जानिए क्या है फिल्म से जुड़ी अपडेट...'वेलकम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म लंबे समय से अटकी हुई है। इसके इस साल रिलीज होने की उम्मीद है। लेकिन अब 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले 'वेलकम 4' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मेकर्स ने 'वेलकम 4' की पुष्टि कर दी है। इसके बाद अब फैंस को उम्मीद है कि इस फिल्म में उन्हें

अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर धमाका: बॉलीवुड टीजर लॉन्च



अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिलेगा। एक्टर की अपकमिंग फिल्म 'AA22xA6' का टाइटल सामने आया। टीजर एक खास इवेंट में बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान रिवील करेंगे। फिल्म 'AA22xA6' के डायरेक्टर एटली शाहरुख खान को फिल्म 'जवान' में निर्देशित कर चुके हैं। घोषणा खास अंदाज में होगी। टाइटल और टीजर वीडियो में वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा। साथ ही दर्शकों को फिल्म की कहानी की झलक भी मिलेगी।

मां की पुण्यतिथि पर राजकुमार राव हुए भावुक





बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की मां कमलेश यादव की आज 10वीं पुण्यतिथि है।राजकुमार राव ने अपनी मां को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर उनकी एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज 10 साल हो गए आप को गए हुए मां। पर आपकी कमी हर रोज खलती है। आपके दिए सिद्धांत मैं जिंदगी भर अपने साथ लेकर चलूंगा।'राजकुमार राव ने आगे लिखा, 'हमेशा कोशिश करूंगा कि आपको हमेशा बहुत गर्व महसूस कराऊं, क्योंकि मुझे पता है आप हमेशा मेरे साथ हैं। धन्यवाद, सबसे अच्छी मां होने के लिए और मेरी सबसे अच्छी दोस्त बने रहने के लिए। मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं।'आज राजकुमार राव की मां की पुण्यतिथि है। 10 साल पहले यानी 2016 में उनकी मां कमलेश यादव का निधन हो गया था। कथित तौर पर उस समय राजकुमार राव फिल्म 'न्यूटन' की शूटिंग कर रहे थे।

हंसल मेहता ने की अपने कई नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा





हंसल मेहता और निर्माता साहिल सैगल की टू स्टोरी फिल्म्स ने अपनी नई परियोजनाओं की घोषणा की है। इनमें हंसल मेहता की एक्शन फिल्म 'पोरबंदर' से लेकर अजीतपाल सिंह की अगली फिल्म 'केहर सिंह' और नरभक्षी हॉरर प्रोजेक्ट 'मेहफूज' शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी ने रणवीर सिंह स्टारर पोस्ट-एपोकैलिप्टिक थ्रिलर 'प्रलय' के बारे में भी नई जानकारी साझा की है। सैगल द्वारा जनवरी 2025 में शुरू की गई यह कंपनी विभिन्न शैलियों और भाषाओं में फिल्मों की एक सीरीज के साथ आगे बढ़ रही है। इसके द्वारा निर्देशित और रणवीर सिंह स्टारर 'प्रलय' है।इस फिल्म का सह-निर्माण सिंह के बैनर तले किया जा रहा है। हंसल मेहता ने इसके बारे में बात करते हुए कहा कि यह उस तरह की फिल्म है जो भारत में अभी तक नहीं बनी है, उस तरह की फिल्म जो भारत ने पहले कभी नहीं देखी है। है। एक अंतरराष्ट्रीय टीम इस प्रोजेक्ट में शामिल हो गई है और फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा नई फिल्मों की लिस्ट में 'पोरबंदर' भी शामिल है, जिसका निर्देशन हंसल मेहता करेंगे। फिल्म का नाम महात्मा गांधी से जुड़े गुजरात के तटीय शहर के नाम पर रखा गया है, लेकिन मेहता ने कहा कि यह प्रोजेक्ट एक बिल्कुल अलग राह अपनाती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पोरबंदर के महात्मा गांधी हैं और दूसरी तरफ यह एक्शन फिल्म है।एक और नई फिल्म है 'केहर सिंह', जिसका निर्देशन 'फायर इन द माउंटेंस' के निर्देशक अजीतपाल सिंह कर रहे हैं। कंपनी ने इसे एक भव्य फिल्म बताया है। हालांकि इसके बारे में और जानकारी बाद में दी जाएगी। इसके अलावा 'मेहफूज' नाम की एक नरभक्षी हॉरर फिल्म है, जिसका निर्माण कार्य पूरा हो

प्रियंका चोपड़ा ने मालती को पब्लिक से दूर रखने की बताई वजह



प्रियंका और निक जोनस ने 2018 में शादी की थी। 2022 में सरोगेसी के जरिए उनकी बेटी मालती का जन्म हुआ। प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस को सार्वजनिक जीवन से दूर रखना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में एक पॉडकास्ट में इस फैसले का कारण बताया। प्रियंका ने 'नॉट स्किनी बट नॉट फैट' पॉडकास्ट में बताया कि जैसे-जैसे मालती बड़ी हो रही है,छिपाकर रखने की कोशिश कर रहे हैं।चाहती हैं कि मालती आम जीवन जी सके, बिना किसी डर के। वह नहीं चाहते कि लोग उसकी तस्वीरें या वीडियो बिना इजाजत के बनाएं।इस दौरान प्रियंका ने एक घटना का जिक्र किया,अजनबी व्यक्ति स्कूल से घर लौटते समय मालती का पीछा कर रहा था और उसका वीडियो बना रहा था। इसी वजह से जब भी मालती बाहर जाती हैं सुरक्षा गार्ड उनके साथ रहते हैं। प्रियंका कहती हैं कि उन्होंने खुद सार्वजनिक जीवन चुना है, लेकिन बेटी को यह फैसला खुद लेने का हक मिलना चाहिए। लोगों की एक्साइटमेंट अच्छी है, लेकिन सुरक्षा सबसे पहले आती है।

द केरल स्टोरी 2' की मंगलवार को बढ़ी कमाई



इन दिनों थिएटर में फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के अलावा 'अस्सी' और 'ओ रोमियो' दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। मंफिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को रिलीज हुए 12 दिन हो चुके हैं लेकिन यह फिल्म अब तक 50 करोड़ रुपये की कुल कमाई भी नहीं कर सकी है। वहीं फिल्म 'अस्सी' और 'ओ रोमियो' की कमाई भी अब घटने लगी है। जानिए, मंगलवार को इन फिल्मों ने कितनी कमाई की है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' ने मंगलवार को 2.12 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि सोमवार को इस फिल्म ने 1.95 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 36.97 करोड़ रुपये है। मंगलवार को इस फिल्म के कलेक्शन में इजाफा हुआ है लेकिन अब तक यह 50 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन भी पार नहीं कर सकी। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'अस्सी' का कलेक्शन रिलीज के 19वें दिन सिर्फ 12 लाख रुपये हुआ। अठारहवें दिन भी इस फिल्म ने 12 लाख रुपये ही कमाए थे। 'अस्सी' का कुल कलेक्शन भी अब तक 10.59 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म का कलेक्शन लाखों में सिमट गया है।

Gold Silver Price

सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट; चांदी ₹1540 तक टूटी, सोना ₹560 सस्ता



पश्चिम एशिया में जारी तनाव से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिला। चांदी 1560 रुपये सस्ती हुई, वहीं सोना 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिकी अधिकारियों के हालिया बयानों के बाद बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट के साथ कारोबार शुरू हुआ। ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता का असर कीमती धातुओं पर भी दिखाई दे रहा है। चांदी की कीमत 1560 रुपये गिरकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 560 रुपये गिरकर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।राजधानी दिल्ली में आज सोने की कीमतों में हल्की बढ़त दर्ज की गई है। 24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम ₹10 महंगा हो गया है, जबकि 22 कैरेट सोना भी प्रति 10 ग्राम ₹10 बढ़ा है।पिछले दो दिनों के रुझान पर नजर डालें तो सोने में तेज उछाल देखने को मिला है। 24 कैरेट सोना दो दिनों में कुल ₹710 प्रति 10 ग्राम महंगा हो चुका है, वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत में भी दो दिनों में ₹660 प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।चांदी की कीमतों में भी लगातार तेजी बनी हुई है। राजधानी में एक किलो चांदी लगातार दूसरे दिन महंगी हुई है। एक दिन की गिरावट के बाद पिछले दो दिनों में चांदी की कीमत ₹10,100 प्रति किलो तक बढ़ गई है, जिससे बाजार में फिर से मजबूती का संकेत मिल रहा है।एशियाई ट्रेडिंग घंटों के दौरान स्पॉट गोल्ड की कीमत हल्की गिरावट के साथ 0.34% नीचे आकर 5224 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, हालांकि यह अब भी 5200 डॉलर के स्तर से ऊपर बनी हुई है। वहीं स्पॉट सिल्वर की कीमत भी 0.32% गिरकर 89.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे किसी तेल टैंकर को एस्कॉर्ट नहीं किया था। यह बयान उस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद आया जिसे बाद में हटा दिया गया था। इस स्पष्टीकरण के बाद तेल की कीमतों में मंगलवार की तेज गिरावट के बाद फिर से उछाल देखने को मिला।

पश्चिम एशिया तनाव से वैश्विक बाजारों में हड़कंप फ्लिपकार्ट ने 300 कर्मचारियों की छंटनी की



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एशियाई शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। जापान का निक्केई 4000 अंक से ज्यादा टूट गया, हांगकांग का हैंगसेंग 700 अंक से अधिक गिरा। आइए विस्तार से जानते हैं।पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष का असर अब वैश्विक वित्तीय बाजारों में साफ दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और सप्लाई को लेकर बढ़ती आशंकाओं के बीच सोमवार को एशियाई शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जबकि अमेरिकी फ्यूचर्स भी दबाव में कारोबार करते नजर आए। जापान का निक्केई इंडेक्स 4000 अंकों से ज्यादा टूट गया, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 700 से अधिक अंक गिरकर कारोबार कर रहा है।सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार खुलते ही तेल की कीमतों में जोरदार तेजी देखी गई। फ्रंट-मंथ वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (WTI) क्रूड फ्यूचर्स करीब 20.1% उछलकर 109.20 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वहीं ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 17.7% बढ़कर 109.13 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करने लगा।इस उछाल की बड़ी वजह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो जाना बताया जा रहा है। यह मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर यहां शिपिंग एक सप्ताह भी बाधित रहती है, तो वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स भी सैकड़ों अंकों की गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आया। वहीं भारत में भी शुरुआती संकेत कमजोर दिख रहे हैं, क्योंकि गिफ्ट निफ्टी 500 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है।विश्लेषकों का कहना है कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष और लंबा खिंचता है और होर्मुज जलडमरूमध्य में शिपिंग बाधित रहती है, तो तेल की कीमतों में और तेजी आ सकती है। इसका सीधा असर वैश्विक महंगाई, ब्याज दरों और शेयर बाजारों पर पड़ सकता है।

बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

सेंसेक्स 640 अंक चढ़ा, निफ्टी 24250 के पार



भारतीय शेयर बाजार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंक उछलकर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 233.55 अंक की बढ़त के साथ 24,261.60 पर बंद हुआ।हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया में संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदों के बीच घरेल बाजार में बढ़त देखने को मिली। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से मजबूती से उबरते हुए 36 पैसे बढ़कर 91.85 (अस्थायी) पर बंद हुआ।30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 78,205.98 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 960.09 अंक या 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 78,526.25 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 233.55 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़कर 24,261.60 पर बंद हुआ।सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। पिछड़ने वाली कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल शामिल थीं।एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 5.35 प्रतिशत की तीव्र उछाल के साथ बढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक 2.88 प्रतिशत की तेजी से ऊपर चढ़ा। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी सकारात्मक स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भारी तेजी देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार में तेजी के साथ कारोबार समाप्त हुआ।

RBI: केंद्रीय बैंक ने OMO के जरिए बैंकिंग सिस्टम में डाले 50000 करोड़ रुपये; नए बॉन्ड भी किए जारी, जानिए सबकुछ



आरबीआई ने सोमवार को ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO) के जरिए 50,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीदकर बैंकिंग सिस्टम में तरलता डाली। इसके अलावा, सरकार ने स्विच नीलामी के जरिए करीब 6,309 करोड़ रुपये के पुराने बॉन्ड वापस खरीदकर लंबी अवधि के नए बॉन्ड जारी किए।भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO) के तहत सरकारी प्रतिभूतियां खरीदकर बैंकिंग सिस्टम में 50,000 करोड़ रुपये की तरलता डाली। केंद्रीय बैंक ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।आरबीआई ने ओएमओ खरीद के तहत विभिन्न अवधि के सरकारी बॉन्ड खरीदे, जिनमें 6.33% जीएस 2035 के 13,507 करोड़ रुपये, 6.01% जीएस 2030 के 13,494 करोड़ रुपये, 6.10% जीएस 2031 के 8,157 करोड़ रुपये, 7.30% जीएस 2053 के 6,955 करोड़ रुपये, 7.18% जीएस 2033 के 4,479 करोड़ रुपये, 6.92% जीएस 2039 के 2,304 करोड़ रुपये और 6.19% जीएस 2034 के 1,104 करोड़ रुपये के बॉन्ड शामिल हैं।इस बीच, सरकार ने भी आरबीआई द्वारा आयोजित स्विच नीलामी में 6,309 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड वापस खरीदे और इसके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए।सरकार ने जिन बॉन्ड को वापस खरीदा, उनमें 7.33% जीएस 2026 के 1,684 करोड़ रुपये, 5.74% जीएस 2026 के 1,035 करोड़ रुपये, 8.15% जीएस 2026 के 590 करोड़ रुपये और 8.24% जीएस 2027 के 3,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।इसके बदले सरकार ने 6.57% जीएस 2033 के 1,719.236 करोड़ रुपये, 7.62% जीएस 2039 के 986.526 करोड़ रुपये, 6.57% जीएस 2033 के 605.609 करोड़ रुपये और 7.40% जीएस 2062 के 3,120.426 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए।

Iran-Israel War: होर्मुज बंद, व्यापार डुबो रहे लौटते जहाज तीन हजार करोड़ के उत्पादों के निर्यात पर संकट



Iran-Israel War: होर्मुज बंद होने से लौटते जहाज व्यापार डुबो रहे हैं। यूपी से तीन हजार करोड़ के मीट, सब्जी और डेयरी उत्पादों के निर्यात पर संकट खड़ा हो गया है। पश्चिम एशिया जाने वाले समुद्री मार्ग में बाधा के कारण भारत से भेजे गए कई निर्यात जहाजों को बीच रास्ते से लौटना पड़ रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इस स्थिति में विशेष प्रक्रिया लागू करते हुए नया सर्कुलर जारी किया है। उत्तर प्रदेश के निर्यातकों पर 3000 करोड़ का सीधा असर पड़ रहा है, क्योंकि राज्य से बड़ी मात्रा में कृषि उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री और इंजीनियरिंग सामान खाड़ी देशों को भेजे जाते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने आठ मार्च को जारी सर्कुलर में कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग प्रभावित हुए हैं। कई जहाज अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर वापस लाने और उनमें लदे निर्यातकार्गो को संभालने के लिए सरलीकृत प्रक्रिया लागू की गई है।

शिपिंग बिल और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा यदि जहाज भारतीय समुद्री सीमा के भीतर है या अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र से बिना किसी विदेशी बंदरगाह पर रुके वापस लौटता है तो उसे उसी भारतीय बंदरगाह पर लगने की अनुमति दी जाएगी, जहां से वह रवाना हुआ था। ऐसे मामलों में कंटेनरों को बंदरगाह पर उतारकर शिपिंग बिल और अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। आवश्यक होने पर निर्यात आदेश (लेट एक्सपोर्ट ऑर्डर) भी रद्द किया जाएगा।

जसप्रीत बुमराह को घातक स्लोअर गेंद करना किसने सिखाया?
पाकिस्तानी मूल के पेसर ने लिया क्रेडिटकिए बड़े दावे



यूएई के लिए खेलने वाले पाकिस्तानी मूल के तेज गेंदबाज जाहूर खान ने दावा किया है कि उन्होंने भारतीय स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह को स्लोअर बॉल की खास तकनीक सिखाई थी। उनका कहना है कि आईपीएल 2020 के दौरान वह मुंबई इंडियंस के नेट बॉलर थे और उसी दौरान बुमराह के साथ उनकी इस तकनीक को लेकर बातचीत हुई। जाहूर ने बताया कि उन्होंने बुमराह को बिना एक्शन बदले स्लोअर गेंद डालने की ट्रिक समझाई थी। यूएई के तेज गेंदबाज जाहूर इन दिनों अपने एक बयान को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में उन्होंने दावा किया है कि भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की घातक स्लोअर गेंद की तकनीक को बेहतर बनाने में उनका योगदान रहा है। जाहूर खान के मुताबिक यह घटना साल 2020 में हुई, जब कोविड-19 के कारण आईपीएल का आयोजन यूएई में किया गया था। उस दौरान वह मुंबई इंडियंस के लिए नेट बॉलर के रूप में टीम से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि बुमराह पहले भी स्लोअर गेंद डालते थे, लेकिन उनकी तकनीक को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने कुछ सुझाव दिए थे।

अबू धाबी मैच के बाद शुरू हुई बातचीत जाहूर खान ने उस समय की एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि अबू धाबी में खेले गए एक मुकाबले में बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और नाथन कूल्टर-नाइल ने काफी रन खर्च कर दिए थे। उन्होंने कहा, 'एक कहानी सुनाता हूं। बुमराह पहले भी स्लोअर गेंद डालते थे, लेकिन सामान्य एक्शन से। अबू धाबी के एक मैच में उन्होंने, ट्रेंट बोल्ट और नाथन कूल्टर-नाइल ने काफी रन दे दिए थे।

क्यों चर्चा में कीर्ति आजाद: टीम के मंदिर जाने पर ऐसा क्या बोला?
ईशान और झाझरिया के बाद हरभजन ने भी लताड़ा



टी20 विश्व कप जीत के बाद टीम इंडिया के मंदिर जाकर पूजा करने पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने सवाल उठाए और इसे लेकर ट्वीट किया। उनके बयान पर विवाद बढ़ गया, जिस पर ईशान किशन ने प्रतिक्रिया देने से इनकार किया, जबकि देवेंद्र झाझड़िया ने इसे खिलाड़ियों की व्यक्तिगत आस्था बताया। भारत की टी20 विश्व कप 2026 जीत के बाद जहां पूरे देश में जश्न का माहौल है, वहीं टीम इंडिया के मंदिर जाने को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद और पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद के एक ट्वीट ने इस बहस को जन्म दिया, जिस पर अब खिलाड़ियों और खेल जगत से भी प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं।

न्यूजीलैंड को हराकर भारत बना विजेता

न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 96 रनों से हराकर भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 का खिताब अपने नाम किया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम बन गया जिसने तीन टी20 विश्व कप जीते हैं। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल देखने को मिला।

जीत के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे भारतीय खिलाड़ी विश्व कप जीतने के बाद टीम से जुड़े कई खिलाड़ी और अधिकारी धार्मिक स्थलों पर जाकर आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में आईसीसी चेयरमैन जय शाह, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव अहमदाबाद के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की। तीनों ने भगवान हनुमान के चरणों में माथा टेककर देश की सफलता और टीम के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी खिलाड़ियों का स्वागत किया और टीम इंडिया के समर्थन में जयकारे लगाए।

कीर्ति आजाद ने खड़े किए सवाल

टीम इंडिया के मंदिर जाने को लेकर कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाए।

खुशी में मंगेतर को भूल गए रिंकू? वायरल हुआ एयरपोर्ट का वीडियो
Rinku-Priya: 'अरे! मुझे नहीं पहचाना', विश्वकप की



टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने वाली टीम के अहम सदस्य रिंकू सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह एयरपोर्ट पर अपनी होने वाली पत्नी प्रिया सरोज के साथ दिख रहे हैं, लेकिन भारतीय खिलाड़ी से कुछ ऐसा हो जाता है जिसपर उनकी मंगेतर उन्हें टोक देती हैं। टी20 विश्व कप 2026 का ऐतिहासिक खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे रिंकू सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह एयरपोर्ट पर मंगेतर प्रिया सरोज के साथ नजर आ रहे हैं। विश्व कप की खुशी में रिंकू से कुछ ऐसा हो जाता है, जिस पर उनकी होने वाली पत्नी और मौजूदा सपा सांसद प्रिया सरोज भी हैरान रह जाती है**प्रशंसकों को रास आया रिंकू-प्रिया का अंदाज** वायरल वीडियो में रिंकू और प्रिया एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिख रहे हैं। रिंकू जैसे ही प्रिया से आगे निकलते हैं, प्रिया पीछे से टोकती हैं मुझे भूल गए आप? इसके बाद रिंकू हंसते हुए उन्हें गले लगा लेते हैं। प्रशंसकों को दोनों का यह मस्ती भरा अंदाज काफी पसंद आ रहा है।

पिछले साल हुई सगाई रिंकू और प्रिया की सगाई पिछले साल आठ जून को हुई थी। दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधेंगे। सगाई के बाद रिंकू औप प्रिया की शादी पिछले साल 18 नवंबर को होनी थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी की व्यस्तता के कारण शादी टल गई। विश्व कप के बीच रिंकू के पिता का हुआ निधन, अंतिम संस्कार के बाद टीम से जुड़े खिलाड़ी

विश्व कप के बीच रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया था। वह लिवर कैंसर के स्टेज-4 से जूझ रहे थे। रिंकू चेन्नई से अलीगढ़ पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। अंतिम क्रिया पूरी होने के बाद वह टीम से जुड़ गए थे, लेकिन उन्हें प्लेइंग 11 में मौका नहीं मिला।

IPL 2026 Schedule: कब जारी होगा आईपीएल के 19वें संस्करण का कार्यक्रम बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने क्या कहा?



आईपीएल 2026 का कार्यक्रम 12 मार्च तक आ सकता है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मंगलवार को कहा कि आगामी सत्र के शुरुआती 20 दिनों का कार्यक्रम पहले जारी किया जाएगा। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, लेकिन अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम का एलान नहीं किया है। हालांकि, अब बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईपीएल के आगामी सत्र के कार्यक्रम को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च तक टूर्नामेंट के शुरुआती 20 दिनों का कार्यक्रम जारी किया जाएगा। **दो भागों में जारी होगा कार्यक्रम** सचिव सैकिया ने बताया कि आईपीएल के 19वें संस्करण का आयोजन 28 मार्च से 31 मई तक होगा। पहले इसकी विंडो 26 मार्च से 30 मई तय की गई थी, लेकिन अब तारीखों में थोड़ा बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा, 'हम 12 मार्च तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल घोषित करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल पहले 20 दिनों के मैचों का कार्यक्रम जारी किया जाएगा।' दरअसल, बीसीसीआई शेष मैचों का कार्यक्रम बाद में जारी करेगा ताकि पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से मैचों का टकराव न हो। **कार्यक्रम की घोषणा में क्यों हो रही देरी?**

पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं जिस कारण आईपीएल के कार्यक्रम की घोषणा में देरी हुई। दरअसल, जिन तीन राज्यों में आईपीएल के मुकाबले खेले जाने हैं उनके विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान अब तक नहीं हुआ है। इनमें असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। कोलकाता (पश्चिम बंगाल में) और चेन्नई (तमिलनाडु में) क्रमशः कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के घरेलू मैदान हैं, जबकि गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा वेन्यू है।

खिताब बचाने उतरेगी आरसीबी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 2025 में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। आरसीबी की टीम इस बार खिताब का बचाव करने उतरेगी। आरसीबी के फैंस के लिए राहत की बात यह है कि टीम ग्रुप चरण में अपने पांच मुकाबले घरेलू स्टेडियम चिन्नास्वामी में ही खेलेगी। इसके लिए कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ से मंजूरी मिल चुकी है।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000 मात्र Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
Fastag Recharge
Postpaid Recharge
Utility Bills
Insurance
CMS Service
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/

PLANET NEWS
WE ARE HIRING!
We are looking for
Graphic Designer & Video Editor
News Anchor
News Reporter
APPLY NOW
Mail your resume to info@planetnewsindia.com
+91-7088120300
www.planetnewsindia.com

Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat
Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001

PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000 मात्र Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900

Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612